

# शिल्पकार समाज ने मनाया भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव

▶ बेगमगंज के गणेश मंदिर में समाज जन ने की भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना

**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 17 सितंबर. बेगमगंज नगर में शिल्पकार समाज द्वारा गणेश मंदिर में भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाया गया, जहां पं. स्वदेश शास्त्री की उपस्थिति में मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया।इस अवसर पर समाजबंधु उपस्थित रहे.**



इस दौरान समाज अध्यक्ष राजेंद्र शिल्पकार ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा को आदिकालीन शिल्पी, वास्तुशास्त्र और यांत्रिकी का ज्ञान देने वाला बताया गया है. उन्हें देवताओं का शिल्पकार और सृष्टि का निर्माता भी माना जाता है. वे ब्रह्मा की संतानों में से एक हैं और कुछ ग्रंथों में उन्हें शिव का अवतार भी कहा गया है. उनके द्वारा निर्मित दिव्य अस्त्र-शस्त्र, वास्तु, यंत्र, तकनीक, गणित और शिल्पकला का भी उल्लेख है. भगवान विश्वकर्मा द्वारा स्वर्ग, द्वारका और इंद्रप्रस्थ जैसे दिव्य नगरों के निर्माण की कथाएं भी प्रचलित हैं. विश्वकर्मा पूजा का यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि समाज के तकनीकी, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक विकास का भी प्रतीक है. विश्वकर्मा पूजा का यह पर्व न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि समाज के तकनीकी, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक विकास का भी प्रतीक है. इस अवसर पर प्रेम शिल्पकार, रामस्वरूप शिल्पकार, कमल सिंह, रामचरण, खुश्शीलाल शिल्पकार, नेकीराम शिल्पी, विशाल सिंह शिल्पी, मनोज, अजय शिल्पकार, कमलेश, देव, सतीश शिल्पकार, नीलेश, मुकेश शिल्पकार सहित सैंकड़ों समाज बंधु उपस्थित रहे.

## ▶ सांईखेड़ा में विधायक पटेल ने की भगवान की पूजा-अर्चना

**सांईखेड़ा, 17 सितंबर.** सांईखेड़ा नगर के सरस्वती नगर वार्ड क्रमांक 14 में विश्वकर्मा समाज द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाई गई. इस अवसर पर समाजजनों ने भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की. इस अवसर पर निकाले चल समारोह में भगवान विश्वकर्मा की आकर्षक झांकी सजाई गई.



सिलवानी विधायक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की. विधायक पटेल ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन, निर्माण कौशल और तकनीकी दक्षता के प्रतीक हैं तथा उनके आदर्श समाज को प्रगति और विकास की दिशा में प्रेरित करते हैं. आयोजन के माध्यम से समाज के लोगों ने अपनी परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया. कार्यक्रम में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अजय पटेल, बेगमगंज ब्लॉक अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, मंडलम अध्यक्ष बद्री विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, कुंवर सुरजीत सिंह, दौलत रघुवंशी, जलील खान, पंकज पटेल एवं बड़ी संख्या में विश्वकर्मा समाज जन शामिल थे.

## ▶ सिलवानी में विश्वकर्मा जयंती पर निकला चल समारोह

**सिलवानी, 17 सितंबर.** नगर के वार्ड क्रमांक 14 सरस्वती नगर में विश्वकर्मा समाज द्वारा भगवान विश्वकर्मा जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई. इस अवसर पर समाजजनों ने सामूहिक रूप से भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की. कार्यक्रम में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की.

भगवान विश्वकर्मा को हिंदू धर्म में निर्माण, शिल्प, वास्तुकला एवं तकनीकी कौशल का देवता माना जाता है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विश्वकर्मा ने अनेक भव्य नगरों, भवनों एवं दिव्य अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था. इसी कारण कारीगर, शिल्पकार, निर्माण एवं तकनीकी कार्यों से जुड़े लोग भगवान विश्वकर्मा को श्रद्धा से अपना आराध्य मानते हैं. विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर औजारों एवं कार्यस्थलों की पूजा करने की भी परंपरा है. गुरुवार को नगर में चल समारोह निकाला गया. इसमें भगवान विश्वकर्मा की



आकर्षक झांकी सजाई गई, जो लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही. चल समारोह में समाज के महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए. श्रद्धालु भगवान विश्वकर्मा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे.

समाजजनों ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा जयंती समाज के लिए आस्था के साथ-साथ एकता और भाईचारे का पर्व भी है. इस आयोजन के माध्यम से समाज के लोगों को एकजुट होकर अपनी परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाने का अवसर मिलता है. आयोजन के दौरान समाजजनों में खासा उत्साह देखने को मिला.

## ▶ सलामतपुर में विश्वकर्मा समाज ने निकाला जुलूस

**सलामतपुर, 17 सितंबर.** कस्बे में भगवान विश्वकर्मा की जयंती के पावन अवसर पर विश्वकर्मा समाज द्वारा भक्ति, उत्साह और श्रद्धा के साथ भव्य जुलूस निकाला गया. इस धार्मिक आयोजन में समाज के पुरुष, महिलाएं, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए. पूरे कार्यक्रम के दौरान 'भगवान विश्वकर्मा की जय' के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा.

गुरुवार को जुलूस प्रसिद्ध द्वारकाधीश मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद शुरू हुआ. जुलूस में सबसे आगे भगवान विश्वकर्मा की मनमोहक झांकी सजाई गई थी. जुलूस भोपाल-विदिशा मुख्य मार्ग सहित कस्बे के प्रमुख बाजारों व चौराहों से होकर गुजरा. जुलूस के दौरान रास्ते भर सामाजिक संगठनों, व्यापारियों और ग्रामीणों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया. कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान, शीतल पेय और प्रसादी के स्टॉल भी लगाए गए थे. जुलूस का समापन विश्वकर्मा मंदिर परिसर में हुआ. यहाँ श्रद्धालुओं द्वारा भगवान विश्वकर्मा की महाआरती की गई. आरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया और समाज की समृद्धि व विश्व कल्याण की कामना की गई. जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने और शांति-सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया. सलामतपुर थाना प्रभारी श्यामराज सिंह सोमवंशी अपने पुलिस बल व अमले के साथ पूरे जुलूस मार्ग पर मौजूद रहे.

## ▶ सांची विश्वविद्यालय में भगवान विश्वकर्मा का किया पूजन




**सलामतपुर, 17 सितंबर.** साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा, भक्ति के साथ मनाई गई. विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. विमलेन्द्र कुमार द्वारा भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई. उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में दैनिक कार्यों एवं शोध कार्यों में उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरणों, यंत्रों और मशीनों का भी पूजन किया. वैदिक मंत्रोच्चार के बीच परंपरा अनुसार भगवान विश्वकर्मा की महाआरती संपन्न हुई. अपने संबोधन में कुलगुरु प्रो.कुमार ने कहा भगवान विश्वकर्मा केवल एक देव नहीं, बल्कि सृजन, अद्भुत कौशल और नवाचार के सर्वोच्च प्रतीक हैं. जिस प्रकार उन्होंने अपनी अद्वितीय सृजनात्मक क्षमता से इस संसार का निर्माण और संवर्धन किया, उसी प्रकार हम सभी को भी अपनी ऊर्जा का उपयोग विश्वविद्यालय के विकास में करना चाहिए .उन्होंने सभी लोगों का आह्वान किया कि वे मिलकर विश्वविद्यालय को शिक्षा, शोध और नवाचार के नए आयामों तक पहुँचाने और इसके निरंतर विकास में योगदान देने का दृढ़ संकल्प लें. कार्यक्रम में प्रो. नवीन मेहता, डॉ. संतोष प्रियदर्शी, डॉ. राहुल सिद्धार्थ, उपकुलसचिव विवेक पांडे और विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी उपस्थित थे.

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

▶ सिविल अस्पताल में 25 यूनिट रक्तदान, शिविर में महिलाओं की जांच

**नवभारत न्यूज**
**सिलवानी, 17 सितंबर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार से भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़े की शुरुआत की गई. इसी क्रम में सिविल अस्पताल परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे.**



रक्तदान कार्यक्रम के दौरान 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया. वहीं स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई. शिविर में सिकल सेल, एनीमिया एवं गर्भवती महिलाओं की जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण किए गए. बीएमओ डॉ. आर.एस. पटेल ने बताया कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. शिविर के माध्यम से सिकल सेल एवं एनीमिया की जांच के साथ गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है.

**मंडल अध्यक्ष ने किया रक्तदान-** भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने भी कार्यक्रम में रक्तदान कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान कर सेवा कार्य में सहभागिता की है. रक्तदान से जरूरतमंद मरीजों को मदद मिलती है और इससे अन्य नागरिकों को भी रक्तदान के लिए आगे आने की प्रेरणा मिलेगी. उन्होंने कहा कि रक्तदान पीड़ित मानवता की सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है.

# बाड़ी में राधा अष्टमी पर निकलेगी शोभायात्रा

**बाड़ी, 17 सितंबर.** नगर में राधाअष्टमी शनिवार 19 सितंबर को मनाई जाएगी. इस अवसर पर दोपहर 3 बजे बालाजी मंदिर से राधारानी कशोभायात्रा प्रारंभ होगी. शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री राधा वल्लभ मंदिर पहुंचेगी. जहां आरती-पूजन के पश्चात भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा. यादव युवा महासभा के जिला अध्यक्ष मुकुल यादव ने नगरवासियों से शोभायात्रा एवं धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को भव्य बनाने में सहयोग करने की अपील की.

# पर्यूषण पर्व के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म की आराधना

▶ भक्ति में डूबा सकल दिगंबर जैन समाज

**नवभारत न्यूज**
**बम्हौरी, 17 सितंबर. सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा पर्यूषण पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है. पर्व के दूसरे दिन गुरुवार को उत्तम मार्दव धर्म की आराधना की गई. सुबह से ही जैन मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई थी. समाज के धर्मप्रेमियों ने धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया.**



जैन समाज के अध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि पर्व के तहत भगवान शांतिनाथ का विधि-विधान से अभिषेक एवं शांतिधारा की गई. इसके बाद भगवान की आरती और संगीतमय पूजा का आयोजन हुआ. पूजा-अर्चना के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंजता रहा . श्रद्धालुओं ने भगवान की आराधना कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की.शाम के समय आरती एवं भजन का आयोजन किया गया.

सांगानेर, राजस्थान से पधारे भैया जी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा उत्तम मार्दव धर्म को समझाया. उन्होंने श्रद्धालुओं को जीवन में विनम्रता, अहंकार का त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया.प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे. धार्मिक आयोजनों के चलते दिनभर जैन समाज में उत्साह और श्रद्धा का माहौल रहा. पर्यूषण पर्व के आगामी दिनों में भी विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें सकल दिगंबर जैन समाज के श्रद्धालु सहभागिता करेंगे.

# संतान सप्तमी पर महिलाओं ने की पूजा-अर्चना

▶ संतान की दीर्घायु, कुशलता और उज्जवल भविष्य की कामना की

**नवभारत न्यूज**
**सिलवानी, 17 सितंबर. संतान की सलामती, दीर्घायु और सुखद भविष्य की कामना को लेकर संतान सप्तमी के अवसर पर महिलाओं ने व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में माताओं ने अपनी संतान के लिए दिनभर उपवास रखकर भगवान से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.**



भाद्रपद शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को संतान सप्तमी के रूप में मनाया जाता है. इस दिन माताएं पुत्र एवं पुत्री की दीर्घायु, कुशलता और सुख-समृद्धि की कामना से व्रत रखती हैं तथा पूजा-अर्चना कर संतान के मंगलमय जीवन की प्रार्थना करती हैं. पंडित अभिषेक शास्त्री ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार द्वापर युग में देवकी ने भगवान श्रीकृष्ण और बलदाऊ की रक्षा एवं मंगलकामना के लिए संतान सप्तमी का व्रत किया था. तभी से परंपरा चली आ रही है. मान्यता है कि संतान की कामना रखने वाली महिलाएं भी श्रद्धा और विश्वास के साथ यह व्रत करती हैं.

# शतायु कोमल बाई जाट को दी अंतिम विदाई

**बेगमगंज, 17 सितंबर.** वरिष्ठ इंका नेता पूर्व पार्षद प्रतापसिंह जाट एवं शेरसिंह जाट की माताश्री का करीब 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया. गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार उनके कृषि फॉर्म अजंता टाकीज के पीछे किया गया.

उनकी अंतिम यात्रा में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं, समाजसेवियों एवं धर्मसेवियों सहित बड़ी संख्या में नगरवासियों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की. स्व. कोमल बाई स्व. गोविंद सिंह जाट की पत्नी, बलवान सिंह जाट की भाभी, प्रताप सिंह एवं शेर सिंह जाट की माताजी तथा पूर्व नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मलखान सिंह जाट की चाचीजी थीं.

# भैंसवाई में श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 17 सितंबर. भाद्रपद माह के पावन पर्व के उपलक्ष्य में ग्राम भैंसवाई, में सात दिवसीय 'भगवान बालकृष्ण का दिव्य अनुष्ठान' एवं 'श्रीमद् भागवत मूल पाठ एवं कथा महिमा' का समापन गुरुवार को हुआ. यहां धार्मिक महोत्सव का शुभारंभ 10 सितंबर को हुआ था. इस महोत्सव में कथा व्यास आचार्य हरिकेश महाराज (तिंसुआ वाले, श्री धाम वृंदावन) ने**




कथा के अंतिम दिन बताया कि जब सुदामा जी द्वारका पहुँचे, तो प्रभु ने ऊंच-नीच और अमीर-गरीब का भेद भुलाकर अपने परम मित्र को गले से लगा लिया. कृष्ण-सुदामा के इस निश्छल प्रेम और मित्रता का प्रसंग सुनकर पंडाल में माहौल भक्तिमय हो उठा. इसके साथ ही परीक्षित मोक्ष और सुखदेव जी की विदाई की कथा के साथ श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ को विश्राम दिया गया.

इस पूरे धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान एवं आयोजक बलराम सिंह यादव (सुपुत्र मदन सिंह यादव) लाल साहब यादव, जितेंद्र सिंह यादव एवं समस्त सहपरिवार व ग्रामवासी रहे. आयोजकों ने बताया कि क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और धर्म व संस्कृति की रक्षा के उद्देश्य से इस विशाल धार्मिक अनुष्ठान का बीड़ा उठाया गया था. कथा व्यास ने बताया कि सात दिनों के दौरान श्रीमद् भागवत पुराण महामृत्युंजय जाप संपन्न कराए गए. इसके अलावा जन्म कुंडली, कालसर्प दोष, पितृ बाधाओं की शांति और समस्त परिवार के कल्याण के लिए विशेष पूजा-अर्चना की गई. विशाल भंडारे श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया.


In The Court Of Civil Judge Class-I, Begumganj, District Court, Raisen
Presiding Officer : श्रीमती अन्ना ग्लोरी माहेश्वरी

**आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत**

(RCS A/0000093/2025)
905-26/11.09.26

रामबहादुर रघुवंशी ...वादी
Vs
मनु रघुवंशी ...प्रतिवादी

**पेशी दिनांक :- 12/10/2026**
Process Id-/2026

**प्रेषिती-(1)** मनु रघुवंशी पिता रामेश्वरदयाल पता- निवासी ग्राम बर्धा बम्होरी तह. सिलवानी जिला रायसेन म.प्र.

यह कि प्रार्थी रामबहादुर रघुवंशी ने आपके विरुद्ध वाद की उपस्थिति हेतु के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है. आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें. आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एकपक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा, साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें.

**यह आज तारीख 10 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है**

सील
न्यायाधीश
(अन्ना ग्लोरी माहेश्वरी)
व्यवहार न्यायाधीश खण्ड बेगमगंज, जिला रायसेन म.प्र.

**कृपया ध्यान दें :- 1.** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.


**सेवा-संकल्प अभियान** ▶ बेगमगंज में पीएम मोदी के जनसेवा के 25 साल पूर्ण होने पर अभियान का शुभारंभ

# मंदिरों में जलाए दीप, अस्पताल में रक्तदान शिविर

**नवभारत न्यूज**
**बेगमगंज, 17 सितंबर. नगरपालिका परिषद द्वारा गुरुवार को नपाध्यक्ष संदीप लोधी की अगुवाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस एवं सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा-संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक संचालित होने वाले कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वमंत्री रामपाल सिंह ने किया. इस दौरान नया बस स्टैंड सहित विभिन्न मंदिरों में भी दीया जलाए गए.**



जनपद पंचायत के द्वारा ग्राम सुनवाहा के प्राचीन देवीमाता मंदिर पर जनपद पंचायत सीईओ मोघराज मीणा के नेतृत्व में नमो आशीर्वाद के रूप में 500 दीयों को प्रज्वलित किया गया. इसके अतिरिक्त विभिन्न ग्राम पंचायतों में हितग्राहियों के द्वार पर भी दिया जलाए गए.

सेवा-संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को पूर्व मंत्री सिंह, नपाध्यक्ष लोधी, एसडीएम प्रियंका भलावी, एसडीओपी सोनाली गुप्ता, तहसीलदार प्रमोद उइके, नायब तहसीलदार विक्रमसिंह राजपूत, थाना प्रभारी राजीव उइके सहित अन्य पार्षदों, कर्मचारियों द्वारा नमो वाटिका में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया. इस अवसर पूर्व मंत्री सिंह, नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष सुदर्शन घोषी,भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय जाट, जिला पंचायत सदस्य मोहित लोधी, लक्ष्मी दुबे, जगदीश लोधी, कमल साहू, राजीव दुबे, डॉ. सीएम गूजर, डॉ. जितेंद्र सिंह तोमर सहित अन्य वक्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक जीवन में मानव सेवा एवं राष्ट्र सेवा के 25 वर्षों का उल्लेख करते हुए दीर्घायु की कामना कर सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके समान मानव एवं राष्ट्र सेवा के लिए अपना जीवन अर्पण करने का संकल्प दिलाया. इसके बाद सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. जिसमें 8 रक्तदानदाताओ ने रक्तदान किया. जिन्हें अतिथियों

# गुलवाड़ा में ग्रामीण ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

▶ मृतक की बहन ने जताई हत्या की आशंका

**बेगमगंज, 17 सितंबर. ग्राम गुलवाड़ा में बुधवार-गुरुवार की रात एक 45 वर्षीय व्यक्ति ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बताया जाता है कि वह मानसिक रूप से परेशान था. गुरुवार सुबह परिजन ने उसे फांसी के फंदे पर झूलते हुए देखा.**

एसडीपी सोनाली गुप्ता ने बताया कि गुलवाड़ा के बाबूलाल अहिरवार 45 वर्ष पिता मोहनलाल का 6 माह पूर्व एक्सीडेंट हो गया था .तब से वह मानसिक रूप से परेशान रहता था. उसने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मृतक के सौतेले पुत्र विशाल अहिरवार ने पुलिस को बताया कि उसके पिता शंकर लाल अहिरवार के खत्म होने पर चाचा बाबूलाल अहिरवार ने उसकी मां से शादी कर ली थी. उधर मृतक बाबू लाल अहिरवार की बहन तुलसा बाई ने आरोप लगाया है कि उसके भाई बाबूलाल को सौतेले पुत्रों द्वारा प्रताड़ित किया जाता था. इसकी जांच कर उन पर हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाए, क्योंकि उसके भाई के साथ यह लोग आए दिन मारपीट करते थे और खाने-पीने को नहीं देते थे.